प्रश्न-पुस्तिका क्रम संख्या /Question Booklet No.

5611505

**2924**

# SOCIOLOGY

**Series**

**A**

परीक्षार्थी अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write Roll No. in the given boxes. → अनुक्रमांक Roll No.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : **36**
कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : **150**
समय/Time : **3 घण्टे/Hours**
पूर्णांक/Total Marks : **600**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न-पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें, कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो। यदि ऐसा है, तो वीक्षक से तत्काल सम्पर्क कर प्रश्न-पुस्तिका बदल लेवें।
2. इस प्रश्न-पुस्तिका में **समाजशास्त्र** से संबंधित कुल **150** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न हिन्दी तथा अंग्रेज़ी भाषा में हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रदत्त उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें।
4. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्यत्र स्थानों पर नहीं।
5. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
6. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. Immediately after the commencement of the examination, you should check that this Question Booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items etc. If so, immediately contact the Invigilator and get it replaced with another Question Booklet.
2. This Question Booklet contains total **150** questions of **Sociology**. All questions are in Hindi and English languages. **All** questions are compulsory.
3. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR Sheet) supplied and indicate your answers accordingly.
4. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) at the places indicated and nowhere else.
5. Examinee should do all rough work on the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
6. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.

1. जिस संस्कार में बच्चे के बाल पहली बार काटे जाते हैं, उसे कहा जाता है :
   (A) सीमान्तोन्नयन
   (B) पुंसवन
   (C) जातकर्म
   (D) चूड़ाकरण

2. निम्नलिखित में से कौन-सी प्राथमिक समूहों की भौतिक विशेषता *नहीं* है ?
   (A) शारीरिक समीपता
   (B) समूह की लघुता
   (C) संबंध की अवधि
   (D) वृत्ति

3. दुर्खीम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा धर्म का मुख्य कार्य *नहीं* है ?
   (A) सामाजिक एकजुटता
   (B) सामाजिक नियंत्रण
   (C) अर्थ एवं उद्देश्य प्रदान करना
   (D) आध्यात्मिक मुक्ति

4. निम्नलिखित में से कौन-सी आर्थिक व्यवस्था में प्राकृतिक संसाधन एवं वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन निजी स्वामित्व में होते हैं ?
   (A) पूँजीवादी
   (B) समाजवादी
   (C) वैश्विक अर्थव्यवस्था
   (D) कल्याणकारी पूँजीवादी

5. किसने बताया कि "युगल समूह में सामाजिक अंत:क्रिया बड़े समूहों की तुलना में अधिक गहन होती है, क्योंकि कोई भी सदस्य दूसरे का ध्यान किसी ओर के साथ साझा नहीं करते हैं" ?
   (A) जॉर्ज सिमेल
   (B) सी.एच. कूले
   (C) डब्ल्यू.जी. सुमनर
   (D) आर.के. मर्टन

6. निम्नलिखित में से कौन-सा/से समाजीकरण का/के एजेंट *नहीं* है/हैं ?
   1. परिवार
   2. विद्यालय
   3. सहकर्मी समूह
   4. मौसम

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :
   (A) 1 और 3
   (B) 3 और 4
   (C) 1, 2 और 3
   (D) केवल 4

7. ___________ शब्द का तात्पर्य आजीवन सामाजिक अनुभव से है, जिसके द्वारा व्यक्ति अपनी मानवीय क्षमता विकसित करता है और संस्कृति सीखता है।
   (A) सामाजिक अलगाव
   (B) समाजीकरण
   (C) सात्मीकरण
   (D) विकास

8. स्वयं के विकास की प्रक्रिया में 'सामान्यीकृत अन्य' की अवधारणा किसने दी ?
   (A) सी.एच. कूले
   (B) जी.एच. मीड
   (C) सिगमंड फ्रायड
   (D) इर्विंग गॉफमैन

1. The ritual in which a child's hair is cut for the first time, is called :
   (A) Simantonnayana
   (B) Pumsavana
   (C) Jatakarma
   (D) Choodakarana

2. Which of the following is ***not*** a physical feature of primary groups ?
   (A) Physical proximity
   (B) Smallness of the group
   (C) Duration of the relationship
   (D) Profession

3. According to Durkheim, which of the following is ***not*** a main function of religion ?
   (A) Social cohesion
   (B) Social control
   (C) Providing meaning and purpose
   (D) Spiritual liberation

4. In which of the following economic system are natural resources and the means of production of goods and services privately owned ?
   (A) Capitalism
   (B) Socialism
   (C) Global economy
   (D) Welfare Capitalism

5. Who stated that "social interaction in a dyad is typically more intense than in larger groups because neither member shares the other's attention with anyone else" ?
   (A) Georg Simmel
   (B) C.H. Cooley
   (C) W.G. Sumner
   (D) R.K. Merton

6. Which of the following does/do ***not*** constitute the agents of socialization ?
   1. Family
   2. School
   3. Peer Group
   4. Weather

   Select the correct answer using the codes given below :
   (A) 1 and 3
   (B) 3 and 4
   (C) 1, 2 and 3
   (D) 4 only

7. The term __________ refers to the lifelong social experience by which individuals develop their human potential and learn culture.
   (A) Social Isolation
   (B) Socialization
   (C) Assimilation
   (D) Development

8. Who gave the concept of 'generalized other' in the process of development of self ?
   (A) C.H. Cooley
   (B) G.H. Mead
   (C) Sigmund Freud
   (D) Erving Goffman

9. निम्नलिखित में से कौन-सा राधाकमल मुखर्जी द्वारा उल्लिखित सामाजिक पारिस्थितिकी के महत्त्वपूर्ण कार्य का हिस्सा *नहीं* है ?

(A) अनुकूलन

(B) एकीकृत संबंध

(C) संतुलन को मापना

(D) प्रत्यक्षवाद

10. ब्लूमर ने पहचाना :

(A) प्रतीकात्मक अंतःक्रियावाद के दो बुनियादी सिद्धांत

(B) प्रतीकात्मक अंतःक्रियावाद के तीन बुनियादी सिद्धांत

(C) प्रतीकात्मक अंतःक्रियावाद के चार बुनियादी सिद्धांत

(D) प्रतीकात्मक अंतःक्रियावाद के पाँच बुनियादी सिद्धांत

11. एम.एन. श्रीनिवास ने सामाजिक संरचना की अवधारणा किससे सीखी ?

(A) ए.आर. रैडक्लिफ़-ब्राउन

(B) जॉन बेन्स

(C) हर्बर्ट स्पेंसर

(D) एमिल दुर्खीम

12. 1930 में डॉ. अम्बेडकर ने कौन-सा महत्त्वपूर्ण आंदोलन शुरू किया ?

(A) दलित अधिकारों के लिए मंदिर प्रवेश सत्याग्रह

(B) पृथक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अभियान

(C) श्रम अधिकारों और सामाजिक न्याय की माँग

(D) अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए हरिजन आंदोलन

13. अतिरिक्त मूल्य है :

(A) विशेष सामाजिक संबंध और प्रभुत्व का रूप

(B) पूँजीपति द्वारा निवेश से अर्जित लाभ

(C) किसी पूँजीवादी उद्यम की कुल आय

(D) श्रमिकों को जीवन निर्वाह स्तर से अधिक दी जाने वाली मजदूरी

14. वैज्ञानिक शोध का प्रथम चरण क्या है ?

(A) प्रतिवेदन लेखन

(B) शोध समस्या का स्पष्टीकरण

(C) परिकल्पना

(D) साहित्य की समीक्षा

15. मानव चेतना, स्वत्व और क्रिया का विशिष्ट समाजशास्त्रीय विवरण किसने विकसित किया ?

(A) हर्बर्ट ब्लूमर

(B) जॉर्ज हर्बर्ट मीड

(C) रॉबर्ट ई. पार्क

(D) मैक्स वेबर

16. वेबर ने कितने प्रकार की सामाजिक क्रियाओं की पहचान की है ?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

17. *"द थ्योरी ऑफ सोशल स्ट्रक्चर"* पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) रैडक्लिफ़-ब्राउन

(B) हर्बर्ट स्पेंसर

(C) एस.एफ. नाडेल

(D) रॉबर्ट मर्टन

18. "साक्षात्कार पारस्परिक विचार-विमर्श की एक प्रक्रिया है।" यह किसने कहा है ?

(A) एम.एन. बसु

(B) सी.एम. मोजर

(C) ह्सिन-पाओ-यंग

(D) गुडे तथा हाट

9. Which one of the following is ***not*** a part of the important work of social ecology as mentioned by Radhakamal Mukherjee ?
   (A) Adaptation
   (B) Integrating relations
   (C) To measure equilibrize
   (D) Positivism

10. Blumer identified :
   (A) Two basic tenets of symbolic interactionism
   (B) Three basic tenets of symbolic interactionism
   (C) Four basic tenets of symbolic interactionism
   (D) Five basic tenets of symbolic interactionism

11. M.N. Srinivas learnt the concept of social structure from :
   (A) A.R. Radcliffe-Brown
   (B) John Baines
   (C) Herbert Spencer
   (D) Emile Durkheim

12. What significant movement did Dr. Ambedkar launch in 1930 ?
   (A) Temple Entry Satyagraha for Dalit rights
   (B) Campaign for Separate Electorates
   (C) Demand for Labour Rights and Social Justice
   (D) Harijan movement for untouchability abolition

13. Surplus value is :
   (A) A particular social relation and form of domination
   (B) The profit a capitalist earns from investments
   (C) The total revenue of a capitalist enterprise
   (D) The wages paid to workers above subsistence level

14. What is the first step of scientific research ?
   (A) Report writing
   (B) Defining the research problem
   (C) Hypothesis
   (D) Review of literature

15. Who developed a distinctly sociological account of human consciousness, selfhood and action ?
   (A) Herbert Blumer
   (B) George Herbert Mead
   (C) Robert E. Park
   (D) Max Weber

16. How many types of social actions are identified by Weber ?
   (A) Two
   (B) Three
   (C) Four
   (D) Five

17. Who is the author of the book *"The Theory of Social Structure ?"*
   (A) Radcliffe-Brown
   (B) Herbert Spencer
   (C) S.F. Nadel
   (D) Robert Merton

18. Who has said that "Interview is a process of interaction" ?
   (A) M.N. Basu
   (B) C.M. Moser
   (C) Hsin-Pao-Yang
   (D) Goode and Hatt

19. "मज़दूर मंज़िल" नामक मॉडल परियोजना का विकास किसने किया ?

(A) एस.के. डे

(B) नेहरू

(C) गाँधी

(D) अम्बेडकर

20. ग्रामीण एवं शहरी समुदायों के मध्य संबंध कहलाता है :

(A) ग्रामीणता

(B) ग्रामीण-नगरीय सातत्यक

(C) नगरीयवाद

(D) ग्रामीण-नगरीय भेद

21. ग्रामीण समाजशास्त्र के अध्ययन के लिए कौन-से महत्त्वपूर्ण क्षेत्र हैं ?

1. आदिवासी, वन और ग्रामीण लोगों का अध्ययन
2. भूमि एवं कृषि से सम्बन्धित समस्याएँ एवं संरचनाएँ
3. ग्रामीण जीवन पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव
4. झुग्गीवासियों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याएँ और चुनौतियाँ

(A) केवल 1 और 4

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 3 और 4

(D) केवल 1, 2 और 3

22. निम्नलिखित में से कौन-सा 1793 में ईस्ट इण्डिया कंपनी द्वारा शुरू की गई स्थाई भूमि बंदोबस्त प्रणाली का प्रत्यक्ष परिणाम ***नहीं*** था ?

(A) एक विशिष्ट किरायेदार वर्ग का उदय

(B) ज़मींदारों को भू-स्वामियों के रूप में स्थापित करना

(C) सीमांत एवं भूमिहीन किसानों के बीच अधिशेष भूमि वितरित करने के लिए भूमि सीमा लागू करना

(D) आर्थिक असमानताओं को जन्म देने वाला एक विशिष्ट सामाजिक पदानुक्रम

23. ग्रामीण समाज में ग्राहक-संरक्षक द्वैती संबंध का वर्णन करने के लिए 'जजमानी प्रणाली' शब्द किसने गढ़ा ?

(A) एम.एन. श्रीनिवास

(B) एल.पी. विद्यार्थी

(C) डी.पी. मुखर्जी

(D) विलियम वाइज़र

24. कृषि-आधारित सामाजिक संरचना की मुख्य विशेषता क्या है ?

(A) भू-स्वामित्व एवं कृषि पर आधारित एक पदानुक्रम

(B) औद्योगिक श्रम एवं शहरीकरण पर ज़ोर

(C) विदेशी व्यापार पर पूर्ण निर्भरता

(D) लोकतांत्रिक वर्ग संरचना

25. निम्नलिखित में से कौन-सा पंचायती राज प्रणाली का एक प्रमुख कार्य है ?

(A) संसदीय चुनाव कराना

(B) कानून और व्यवस्था बनाए रखना

(C) ग्रामीण विकास एवं स्थानीय शासन

(D) रक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा

26. कौन-सा संवैधानिक संशोधन अधिनियम ग्राम सभा को पंचायती राज प्रणाली (पी.आर.आई.) की आधारशिला बनाता है ?

(A) 1971 का 24वाँ संशोधन

(B) 1977 का 43वाँ संशोधन

(C) 1992 का 73वाँ संशोधन

(D) 1986 का 54वाँ संशोधन

27. 1917 के चम्पारण आंदोलन का मुख्य कारण क्या था ?

(A) नील की जबरन खेती

(B) अकाल के कारण बड़े पैमाने पर फसल खराब होने के बावजूद सरकार की उदासीनता

(C) मध्यकालीन दासत्व पर आधारित हाली प्रणाली

(D) नमक कानून का अधिरोपण

19. Who developed the model project called "Mazdoor Manzil" ?
(A) S.K. Dey
(B) Nehru
(C) Gandhi
(D) Ambedkar

20. The nexus between the rural-urban communities is called :
(A) Rurality
(B) Rural-Urban Continuum
(C) Urbanism
(D) Rural-Urban Distinction

21. What are the substantial areas for the study of Rural Sociology ?
1. Study of tribal, forest and village people
2. Problems and structures related to land and agriculture
3. Impact of technology on rural life
4. Issues and challenges faced by slum dwellers
(A) Only 1 and 4
(B) Only 2 and 3
(C) Only 3 and 4
(D) Only 1, 2 and 3

22. Which of the following was ***not*** a direct consequence of Permanent Land Settlement system introduced by the East India Company in 1793 ?
(A) Emergence of a distinct tenant class
(B) Establishing zamindars as landowners
(C) Enforcement of land ceiling to distribute surplus land among marginal and landless peasants
(D) A distinct social hierarchy leading to economic disparities

23. Who coined the term 'Jajmani System' to describe the client-patron dyadic relationship in rural society ?
(A) M.N. Srinivas
(B) L.P. Vidyarthi
(C) D.P. Mukerji
(D) William Wiser

24. What is the key feature of the agrarian social structure ?
(A) A hierarchy based on landownership and agriculture
(B) Emphasis on industrial labour and urbanization
(C) Complete dependence on foreign trade
(D) Democratic class structure

25. Which of the following is a key function of the Panchayati Raj System ?
(A) Conducting parliamentary elections
(B) Maintaining law and order
(C) Rural development and local governance
(D) Defense and national security

26. Which Constitutional Amendment Act made the Gram Sabha the foundation of the Panchayati Raj System (PRI) ?
(A) 24th Amendment of 1971
(B) 43rd Amendment of 1977
(C) 73rd Amendment of 1992
(D) 54th Amendment of 1986

27. What was the primary reason for the Champaran Movement of 1917 ?
(A) Forced cultivation of Indigo
(B) Indifference of the government despite large-scale failure of crops due to famine
(C) The Hali system based on medieval serfdom
(D) Imposition of the salt tax

28. स्तरीकृत नमूनाकरण दृष्टिकोण सबसे प्रभावी तब होता है जब तीन शर्तें पूरी होती हैं। इनमें से कौन-सी शर्त ***ग़लत*** है ?

(A) स्तरों में परिवर्तनशीलता अधिकतम होती है।

(B) स्तरों में परिवर्तनशीलता न्यूनतम होती है।

(C) स्तरों में परिवर्तनशीलता स्थिर होती है।

(D) वे चर जिन पर जनसंख्या स्तरीकृत होती है, वांछित आश्रित चर के साथ दृढ़ता से सहसंबंधित होते हैं।

29. "अन्तर्वस्तु विश्लेषण संचार की प्रकट सामग्री के वस्तुनिष्ठ, व्यवस्थित और मात्रात्मक वर्णन के लिए एक शोध तकनीक है।" यह किसने कहा है ?

(A) स्टोन एवं अन्य

(B) बेरेलसन

(C) क्रिप्पेंडॉर्फ

(D) क़ार्टराइट

30. बड़े डेटासेट को संभालने के लिए मीट्रिक बहुआयामी स्केलिंग (MDS) में आमतौर पर किस तकनीक का उपयोग किया जाता है ?

(A) साइज फ़िल्टरिंग

(B) गुडनेस-ऑफ-फिट फ़िल्टरिंग

(C) स्केल फ़िल्टरिंग

(D) फ्रीक्वेंसी फ़िल्टरिंग

31. गुच्छन (क्लस्टरिंग) की उत्पत्ति किस विषय में जुबिन और ट्रयोन के द्वारा की गई ?

(A) मनोविज्ञान

(B) लेखाशास्त्र (अकाउंट्स)

(C) समाजशास्त्र

(D) इतिहास

32. 'सर्वेक्षण बंटन' की सबसे सस्ती और प्रभावी विधि कौन-सी है ?

(A) व्यक्तिगत साक्षात्कार

(B) समूह साक्षात्कार

(C) टेलीफोनिक साक्षात्कार

(D) ई-मेल सर्वेक्षण

33. कौन-सी सैम्पल आकार के आबंटन का निर्णय लेने की विधि ***नहीं*** है ?

(A) असमान आवंटन

(B) आनुपातिक आवंटन

(C) नेयमन आवंटन

(D) अनुकूलतम आवंटन

34. ____________ में पूर्वनिर्धारित प्रश्नों की सूची होती है जिनके उत्तर भरने के लिए उत्तरदाता से कहा जाता है।

(A) अनुसूची

(B) साक्षात्कार

(C) प्रश्नावली

(D) समूह चर्चा

35. विलियम फूट वाईट द्वारा किया गया अध्ययन "स्ट्रीट कॉर्नर सोसायटी : दी सोशल स्ट्रक्चर ऑफ एन इटालियन स्लम" किसका उदाहरण है ?

(A) गहन साक्षात्कार

(B) प्रतिभागी अवलोकन

(C) सामाजिक सर्वेक्षण

(D) ग़ैर-प्रतिभागी अवलोकन

36. घटनोत्तर मूल्यांकन अध्ययन में कितने चरण शामिल हैं ?

(A) 6

(B) 9

(C) 7

(D) 8

37. सैकेंडरी डेटा के बारे में कौन-सा कथन ***ग़लत*** है ?

(A) यह विभिन्न वर्गों के बीच तुलना को सुगम बनाता है।

(B) यह पाठ्य रिपोर्ट की तुलना में अधिक स्थान घेरता है।

(C) यह आसान संदर्भ को सक्षम बनाता है।

(D) यह विश्लेषण और विवेचन (निर्वचन) को आसान बनाता है।

28. A stratified sampling approach is most effective when three conditions are met. Which of these conditions is ***incorrect*** ?

(A) Variability within strata is maximized.

(B) Variability within strata is minimized.

(C) Variability within strata is stable.

(D) The variables upon which the population is stratified are strongly correlated with the desired dependent variable.

29. Who said that "content analysis is a research technique for the objective, systematic and quantitative description of the manifest content of communication ?"

(A) Stone and Others

(B) Berelson

(C) Krippendorf

(D) Cartwright

30. Which technique is commonly used in Metric Multidimensional Scaling (MDS) to handle large datasets ?

(A) Size filtering

(B) Goodness-of-fit filtering

(C) Scale filtering

(D) Frequency filtering

31. Clustering was originated in which subject by Zubin and Tryon ?

(A) Psychology

(B) Accounts

(C) Sociology

(D) History

32. Which one is the cheapest and most efficient method of survey distribution ?

(A) Personal interview

(B) Group interview

(C) Telephonic interview

(D) E-mail surveys

33. Which is ***not*** the method of deciding allocation of sample size ?

(A) Unequal allocation

(B) Proportional allocation

(C) Neyman allocation

(D) Optimum allocation

34. ____________ consists of the list of preset questions to which respondents are asked to fill the answers.

(A) Schedule

(B) Interview

(C) Questionnaire

(D) Group discussion

35. "Street Corner Society : The Social Structure of an Italian Slum" study by William Foote Whyte is an example of :

(A) In-depth interview

(B) Participant observation

(C) Social survey

(D) Non-participant observation

36. How many stages are included in ex post facto evaluation study ?

(A) 6

(B) 9

(C) 7

(D) 8

37. Which statement is ***false*** about secondary data ?

(A) It facilitates comparison between different classes.

(B) It occupies more space than textual report.

(C) It enables easy reference.

(D) It facilitates analysis and interpretation.

38. मध्यप्रदेश में कुपोषण को दूर करने के लिए समर्पित राज्य-स्तरीय मिशन का नाम क्या है ?
   (A) राजमाता जिजाऊ मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पोषण मिशन
   (B) मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान
   (C) अटल बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन (ए.बी.एम.)
   (D) राष्ट्रीय पोषण मिशन

39. मध्यप्रदेश सरकार किस वर्ष तक "सुपोषित मध्यप्रदेश" के विज़न को प्राप्त करने का लक्ष्य रखती है ?
   (A) 2025
   (B) 2027
   (C) 2030
   (D) 2035

40. संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने पोषण के लिए संयुक्त राष्ट्र दशक 2016 –25 का दावा कब किया था ?
   (A) 1 अप्रैल, 2015
   (B) 1 अप्रैल, 2016
   (C) 1 अप्रैल, 2017
   (D) 1 अप्रैल, 2014

41. 'स्वामित्व' योजना के क्रियान्वयन की ज़िम्मेदारी किस मंत्रालय की है ?
   (A) ग्रामीण विकास मंत्रालय
   (B) पंचायती राज मंत्रालय
   (C) गृह मंत्रालय
   (D) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

42. "मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना" आधिकारिक रूप से कब घोषित की गई थी ?
   (A) 28 जनवरी, 2022
   (B) 28 जनवरी, 2023
   (C) 15 फरवरी, 2023
   (D) 8 मार्च, 2023

43. मध्यप्रदेश के लोक सेवा गारंटी अधिनियम को संयुक्त राष्ट्र से कौन-सा प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला ?
   (A) UN ग्लोबल डेवलपमेंट अवार्ड
   (B) UNPSA अवार्ड, 2012
   (C) पब्लिक सर्विस इनोवेशन एक्सीलेंस अवार्ड
   (D) डिजिटल गवर्नेंस लीडरशिप अवार्ड

44. पद्म श्री से सम्मानित "सैली होल्कर" ने किस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है ?
   (A) ग्रामीण स्वास्थ्य
   (B) महिला सशक्तिकरण, गरीबी उन्मूलन और सामाजिक उद्यमिता
   (C) पर्यावरण संरक्षण
   (D) डिजिटल शिक्षा

45. गोंड जनजाति के "सात देवताओं" के गोत्र को किस नाम से जाना जाता है ?
   (A) विका
   (B) धुर्वा
   (C) राज गोंड
   (D) परधान

46. बैगा जनजाति के "लारू काज" अनुष्ठान में, 'फुलेरा' किसे संदर्भित करता है ?
   (A) कलाई पर बाँधा जाने वाला पवित्र धागा
   (B) बीमार व्यक्ति द्वारा बनाई गई बेल पत्तियों की गठरी
   (C) समारोह में प्रयुक्त एक विशेष लकड़ी का दंड
   (D) देवी-देवताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली मिट्टी की मूर्ति

38. What is the name of Madhya Pradesh's State-level mission dedicated to addressing undernutrition ?
(A) Rajmata Jijau Mother-Child Health and Nutrition Mission
(B) Mukhyamantri Suposhan Abhiyan
(C) Atal Bal Arogya Evam Poshan Mission (ABM)
(D) National Nutrition Mission

39. By which year does the Madhya Pradesh Government aim to achieve the vision of "Suposhit Madhya Pradesh" ?
(A) 2025
(B) 2027
(C) 2030
(D) 2035

40. When did the UN General Assembly proclaim the UN Decade of Action on Nutrition 2016 – 25 ?
(A) 1st April, 2015
(B) 1st April, 2016
(C) 1st April, 2017
(D) 1st April, 2014

41. Which Ministry is responsible for the implementation of the 'SVAMITVA' Yojana ?
(A) Ministry of Rural Development
(B) Ministry of Panchayati Raj
(C) Ministry of Home Affairs
(D) Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare

42. When was the "Mukhyamantri Ladli Behna Yojana" officially announced ?
(A) 28th January, 2022
(B) 28th January, 2023
(C) 15th February, 2023
(D) 8th March, 2023

43. Which prestigious award did Madhya Pradesh's Public Service Guarantee Act receive from the United Nations ?
(A) UN Global Development Award
(B) UNPSA Award, 2012
(C) Public Service Innovation Excellence Award
(D) Digital Governance Leadership Award

44. In which sector has Padma Shri awardee "Sally Holkar" made a notable contribution ?
(A) Rural health
(B) Women empowerment, Poverty alleviation and Social entrepreneurship
(C) Environmental Conservation
(D) Digital Education

45. The "Seven Gods" clan of the Gond tribe is known as :
(A) Vika
(B) Dhurva
(C) Raj Gond
(D) Pardhan

46. In the "Laru Kaj" ritual of the Baiga tribes, what does 'Phulera' refer to ?
(A) A sacred thread tied around the wrist
(B) A bundle of bel leaves made by the sick person
(C) A special wooden staff used in the ceremony
(D) A clay idol representing the deity

47. कौन विश्वास करता था कि बच्चा होने का निर्णय तीन चरों (i) जोड़ों (दम्पतियों) की प्राथमिकताएँ, (ii) इसकी कीमत व्यवस्था तथा (iii) इसके संसाधनों का प्रकार्य है ?

(A) जोसेफ स्पेंगलर

(B) गुइलार्ड

(C) किंग्सले डेविस

(D) आशीष बोस

48. गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम, 1971 (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट, 1971) कब लागू हुआ ?

(A) 1 अप्रैल, 1971

(B) 1 अप्रैल, 1972

(C) 15 अप्रैल, 1972

(D) 15 दिसम्बर, 1971

49. 1971 से 2021 तक भारत की जनसंख्या वृद्धि दर में क्या बदलाव आया है ?

(A) यह 1·1% से बढ़कर 2·2% हो गई

(B) यह स्थिर रही

(C) यह 2·2% से घटकर 1·1% हो गई

(D) यह 0·58% से बढ़कर 1·1% हो गई

50. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 ने कितने सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों की रूपरेखा बनाई है ?

(A) 3

(B) 6

(C) 9

(D) 12

51. किस कमेटी ने "स्व-नियन्त्रण उपागम" की आलोचना की और "जानबूझकर परिवार को सीमित करने" की वकालत की ?

(A) भोरे कमेटी

(B) राधाकमल मुखर्जी कमेटी

(C) एम.एस. स्वामीनाथन कमेटी

(D) करुणाकरन कमेटी

52. भारत में, जनगणना ब्रिटिश भारतीय सरकार द्वारा 1867 – 1872 के बीच प्रारम्भ हुई और नियमित 10 वर्षीय (या दशकीय) जनगणना किस वर्ष से प्रारम्भ हुई ?

(A) 1881

(B) 1941

(C) 1951

(D) 1931

53. किसी जनसंख्या में प्रजननशीलता मापने का सरलतम तरीका क्या है ?

(A) अशोधित मृत्यु दर

(B) अशोधित जन्म दर

(C) जननशक्ति

(D) लिंग अनुपात

54. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कितनी प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती थी ?

(A) 62·84%

(B) 64·84%

(C) 66·84%

(D) 68·84%

55. डेविस और ब्लेक (1956) ने प्रजनन क्षमता को सीधे प्रभावित करने वाले कारकों को क्या कहा ?

(A) पृष्ठभूमि कारक

(B) निकटतम निर्धारक

(C) सामाजिक प्रभाव

(D) स्वास्थ्य की स्थिति

56. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 का दीर्घकालीन लक्ष्य किस वर्ष तक स्थिर जनसंख्या को प्राप्त करने का है ?

(A) 2030

(B) 2045

(C) 2047

(D) 2050

47. Who believes that the decision to have a baby is a function of three variables : (i) the couple's preference system, (ii) its price system, and (iii) its resources ?

(A) Joseph Spengler

(B) Guillard

(C) Kingsley Davis

(D) Ashish Bose

48. When did the Medical Termination of Pregnancy Act, 1971 come into force ?

(A) 1st April, 1971

(B) 1st April, 1972

(C) 15th April, 1972

(D) 15th December, 1971

49. How has India's population growth rate changed from 1971 to 2021 ?

(A) It increased from 1·1% to 2·2%

(B) It stayed the same

(C) It decreased from 2·2% to 1·1%

(D) It increased from 0·58% to 1·1%

50. The National Population Policy 2000 outlines a set of how many socio-economic goals ?

(A) 3

(B) 6

(C) 9

(D) 12

51. Which committee criticized "self-control approach" and advocated "deliberate limitation of families" ?

(A) Bhore Committee

(B) Radhakamal Mukherjee Committee

(C) M.S. Swaminathan Committee

(D) Karunakaran Committee

52. In India, census began to be conducted by the British Indian Government between 1867 – 1872, and regular ten yearly (or decennial) censuses have been conducted since which year ?

(A) 1881

(B) 1941

(C) 1951

(D) 1931

53. What is the simplest measure of fertility in a population ?

(A) Crude death rate

(B) Crude birth rate

(C) Fecundity

(D) Sex ratio

54. What percentage of India's population lived in rural areas according to the 2011 Census ?

(A) 62·84%

(B) 64·84%

(C) 66·84%

(D) 68·84%

55. What did Davis and Blake (1956) call the factors that directly affect fertility ?

(A) Background factors

(B) Proximate determinants

(C) Social influences

(D) Health conditions

56. The long-term target of the National Population Policy, 2000 is to achieve a stable population by which year ?

(A) 2030

(B) 2045

(C) 2047

(D) 2050

57. निम्नलिखित में से उस परिप्रेक्ष्य को पहचानिए, जो हमें अपने जीवन में अवसरों और बाधाओं को देखने में मदद करता है :
   (A) संघर्ष परिप्रेक्ष्य
   (B) प्रकार्यात्मक परिप्रेक्ष्य
   (C) प्रतीकात्मक परिप्रेक्ष्य
   (D) समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य

58. __________ समाज के सदस्यों द्वारा निर्मित विचारों की अमूर्त दुनिया है। दूसरी ओर __________ समाज के सदस्यों द्वारा निर्मित मूर्त वस्तुएँ हैं।
   (A) भौतिक संस्कृति, अभौतिक संस्कृति
   (B) अभौतिक संस्कृति, भौतिक संस्कृति
   (C) प्रतीकात्मक संस्कृति, सामाजिक संस्कृति
   (D) पारंपरिक संस्कृति, आधुनिक संस्कृति

59. निम्नलिखित में से किसको मानदंडों के प्रकार के रूप में वर्गीकृत ***नहीं*** किया जा सकता है ?
   (A) लोकरीतियाँ, लोकाचार
   (B) प्रथा, नैतिकता एवं धर्म
   (C) फैशन एवं धुन
   (D) विश्वास, प्रवृत्ति एवं आदतें

60. *"व्हाट इज सोशियोलॉजी ? एन इंट्रोडक्शन टू द डिसीप्लिन एंड प्रोफेशन"* पुस्तक के लेखक ________ हैं।
   (A) एलेक्स इंकेलेस
   (B) थॉमस ग्लैडविन
   (C) प्रीटर बर्जर
   (D) सी. राइट मिल्स

61. समाजशास्त्र को "संस्थाओं के विज्ञान के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।" यह कथन निम्नलिखित में से किसका है ?
   (A) मैक्स वेबर
   (B) मैकाइवर एवं पेज
   (C) एमिल दुर्खीम
   (D) एंथोनी गिडेंस

62. समुदाय का/के मुख्य आधार है/हैं :
   (A) भू-भाग
   (B) सामुदायिक भावना
   (C) भू-भाग और सामुदायिक भावना दोनों
   (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. निम्नलिखित में से किसे अर्जित प्रस्थिति के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा ?
   (A) लिंग
   (B) आयु
   (C) जाति
   (D) वैवाहिक साथी

64. किसी विशिष्ट प्रस्थिति से संबंधित विभिन्न भूमिकाओं को जब संयुक्त किया जाता है, तो उसे ________ के रूप में जाना जाता है।
   (A) भूमिका पुंज
   (B) प्रस्थिति पुंज
   (C) विविध भूमिकाओं
   (D) भूमिका संघर्ष

65. __________ में प्रस्थिति का तात्पर्य व्यक्तियों या समूहों को दिए जाने वाले सम्मान से है।
   (A) मर्टन के सिद्धांत
   (B) वेबर के सिद्धांत
   (C) मार्क्स के सिद्धांत
   (D) मीड के सिद्धांत

66. "एक प्राथमिक समूह एक लघु सामाजिक समूह है, जिसके सदस्य वैयक्तिक और स्थायी संबंध साझा करते हैं।"
   प्राथमिक समूह की उपर्युक्त परिभाषा दी गई है :
   (A) ई.एस. बोगार्डस द्वारा
   (B) एच.एम. जॉनसन द्वारा
   (C) सी.एच. कूले द्वारा
   (D) मैक्स वेबर द्वारा

57. Identify the perspective from the following that helps us to see the opportunities and constraints in our lives :
(A) Conflict Perspective
(B) Functional Perspective
(C) Symbolic Perspective
(D) Sociological Perspective

58. __________ is the intangible world of ideas created by members of a society. On the other hand __________ is the tangible thing created by members of a society.
(A) Material culture, Non-material culture
(B) Non-material culture, Material culture
(C) Symbolic culture, Social culture
(D) Traditional culture, Modern culture

59. Which of the following ***cannot*** be classified as types of norms ?
(A) Folkways, Mores
(B) Custom, Morality and Religion
(C) Fashion and Fad
(D) Beliefs, Instincts and Habits

60. The author of the book *"What is Sociology ? An Introduction to the Discipline and Profession"* is :
(A) Alex Inkeles
(B) Thomas Gladwin
(C) Peter Berger
(D) C. Wright Mills

61. Sociology "can be defined as the science of institutions." This statement belongs to which of the following ?
(A) Max Weber
(B) MacIver and Page
(C) Emile Durkheim
(D) Anthony Giddens

62. The main bases of community is/are :
(A) Locality
(B) Community sentiment
(C) Both Locality and Community sentiment
(D) None of the above

63. Which one of the following will be categorized as an achieved status ?
(A) Sex
(B) Age
(C) Caste
(D) Marital Partner

64. The various roles associated with occupying a particular status when combined is known as ________.
(A) Role set
(B) Status set
(C) Multiple roles
(D) Role conflict

65. Status in __________ refers to the esteem given to individuals or groups.
(A) Merton's theory
(B) Weber's theory
(C) Marx's theory
(D) Mead's theory

66. "A primary group is a small social group, whose members share personal and enduring relationships."
The above definition of primary group is given by :
(A) E.S. Bogardus
(B) H.M. Johnson
(C) C.H. Cooley
(D) Max Weber

67. यह तर्क किसने दिया है कि 'नव-प्रकार्यवाद' एक विकसित सिद्धान्त की बजाय एक प्रवृत्ति है ?

(A) रॉबर्ट मर्टन
(B) जेफरी सी. अलेक्जेन्डर
(C) टैल्कॉट पार्सन्स
(D) एमिल दुर्खीम

68. निम्नलिखित में से कौन-सा शोध प्रारूप में समाविष्ट ***नहीं*** है ?

(A) सूचना प्राप्त करने के साधन
(B) अध्ययन की जाने वाली समस्या का उद्देश्य
(C) अध्ययन की जाने वाली समस्या का स्वरूप
(D) विस्तृत प्रशासनिक प्रक्रियाएँ

69. निम्नलिखित में से कौन-सी क्षेत्र अवलोकन की अवस्था ***नहीं*** है ?

(A) साहित्य की समीक्षा
(B) विषय चयन
(C) अनुसंधान स्थल का चयन
(D) भूमिका निर्धारण

70. नव-प्रकार्यवाद की अवधारणा किसने दी है ?

(A) रॉबर्ट मर्टन
(B) जे. अलेक्जेन्डर
(C) किंग्सले डेविस
(D) टैल्कॉट पार्सन्स

71. असहभागी अवलोकन का प्रयोग भारत में अधिकतर किसने किया है ?

(A) एल.पी. विद्यार्थी
(B) एम.एन. श्रीनिवास
(C) आई.पी. देसाई
(D) डेविड हार्डीमेन

72. अपराध एक ____________ है।

(A) सामाजिक व्यवहार
(B) अनुमोदित व्यवहार
(C) असामाजिक व्यवहार
(D) सामूहिक व्यवहार

73. इनमें से कौन-सी विशेषता नव-प्रकार्यवाद की ***नहीं*** है ?

(A) एक-आयामी समाजशास्त्र
(B) क्रिया वैकल्पिक है
(C) प्रकार्यवाद का पुनःनिर्माण
(D) उत्तर-प्रत्यक्षवादी

74. किसने आधुनिकता को एक अपूर्ण परियोजना समझा ?

(A) जे. देरिदा
(B) ए. गिडेंस
(C) मर्टन
(D) जे. हैबरमास

75. नव-प्रकार्यवाद का सिद्धान्त किसके क्रिया सिद्धान्त का संशोधित स्वरूप है ?

(A) पार्सन्स
(B) मीड
(C) वेबर
(D) पेरेटो

76. किसने कहा "उत्तर-आधुनिक समाज उपभोग समाज है ?"

(A) फूको
(B) बॉड्रिलार्ड
(C) जेमसन
(D) देरिदा

77. सफ़ेदपोश अपराध की अवधारणा को प्रतिपादित किया :

(A) लोम्ब्रोसो ने
(B) एमिल दुर्खीम ने
(C) सदरलैंड ने
(D) मर्टन ने

67. Who argues that 'Neo-functionalism' is a tendency, rather than a developed theory ?

(A) Robert Merton

(B) Jeffrey C. Alexander

(C) Talcott Parsons

(D) Emile Durkheim

68. Which of the following is ***not*** included in research design ?

(A) The means of obtaining information

(B) The objective of the problem to be studied

(C) The nature of the problem to be studied

(D) Detailed administrative procedures

69. Which of the following is ***not*** a step of field observation ?

(A) Review of literature

(B) Subject selection

(C) Selection of research site

(D) Role-taking

70. Who gave the concept of Neo-functionalism ?

(A) Robert Merton

(B) J. Alexander

(C) Kingsley Davis

(D) Talcott Parsons

71. Who has mostly used non-participant observation in India ?

(A) L.P. Vidyarthi

(B) M.N. Srinivas

(C) I.P. Desai

(D) David Hardiman

72. Crime is a/an :

(A) Social behaviour

(B) Approved behaviour

(C) Anti-social behaviour

(D) Group behaviour

73. Which is ***not*** the characteristic of Neo-functionalism ?

(A) Uni-dimensional sociology

(B) Action is alternative

(C) Reconstruction of functionalism

(D) Post-positivist

74. Who considered modernity as an unfinished project ?

(A) J. Derrida

(B) A. Giddens

(C) Merton

(D) J. Habermas

75. The theory of Neo-functionalism is a revised version of the Action theory of :

(A) Parsons

(B) Mead

(C) Weber

(D) Pareto

76. Who said "Postmodern society is a consumer society ?"

(A) Foucault

(B) Baudrillard

(C) Jameson

(D) Derrida

77. The concept of white collar crime was propounded by :

(A) Lombroso

(B) Emile Durkheim

(C) Sutherland

(D) Merton

78. निम्नलिखित में से यह परिभाषा किसने दी है कि "अपराध देश के कानून के विरुद्ध किया गया दुर्व्यवहार है" ?

(A) लैण्डिस तथा लैण्डिस

(B) सदरलैंड

(C) इलियट एवं मेरिल

(D) गिलिन तथा गिलिन

79. जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में प्रति एक हजार पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या का क्या अनुपात था ?

(A) 830

(B) 910

(C) 940

(D) 950

80. यह किसने कहा कि "अपराधी जन्मजात होते हैं ?"

(A) कोहेन

(B) लोम्ब्रोसो

(C) सदरलैंड

(D) वाल्टर रेकलेस

81. यह किसने कहा है "विचलन भी समाज के लिए आवश्यक है" ?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) दुर्खीम

(C) मैक्स वेबर

(D) स्पेन्सर

82. सदरलैंड के अनुसार, प्रतिष्ठित एवं सम्मानित पद के व्यक्ति द्वारा अपने व्यवसाय के संबंध में किया गया अपराध कहलाता है :

(A) सफ़ेदपोश अपराध

(B) नीलापोश अपराध

(C) चोरी

(D) सेंधमारी

83. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम कब अधिनियमित किया गया ?

(A) 1981

(B) 1989

(C) 1991

(D) 1992

84. दो या अधिक राष्ट्रों या सांस्कृतिक क्षेत्रों के ग्रामीण जीवन के तुलनात्मक अध्ययन के लिए जिस उपागम का प्रयोग किया जाता है, वह कहलाता है :

(A) अन्त: सांस्कृतिक उपागम

(B) तुलनात्मक उपागम

(C) संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक उपागम

(D) उद्विकासीय उपागम

85. उत्तर-संरचनावाद की व्याख्या करते हुए किस विचारक ने 'विखण्डन' की अवधारणा को रखा ?

(A) लेमर्ट

(B) देरिदा

(C) फूको

